अपहरण किये गये बच्चे

2225. **श्री प० ला० बारूपाल :**
श्री तुला राम :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री चांडक :
श्री रा० गि० दुबे :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि श्रीमती राम कली के दो पुत्र ओम प्रकाश आयु 17 वर्ष, सतीश कुमार आयु 10 वर्ष तथा उनकी दो पुत्रियां सुमन लता आयु 7 वर्ष और लता कुमारी आयु 4 वर्ष, 8 जून, 1965 को प्रातः दिल्ली में अपने मकान के निकट स्थित पुस्तकालय में गये थे तथा इस वर्ष अक्तूबर में विजय दशमी के दिन तक अपने घर पर नहीं लौटे थे और पुलिस भी उन का पता नहीं लगा सकी है; और

(ख) यदि हां, तो क्या पुलिस अभी तक उन बच्चों की तलाश कर रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) जी हां।

(ख) मामले को 29-12-65 को दाखिल दफ्तर कर दिया गया क्योंकि उसकी जांच का कोई नतीजा नहीं निकला। किन्तु जब कभी पुलिस को कोई सुराग मिलता है तब वह फिर जांच करती है।

हिन्दी में तार

2226. **श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष डाक तथा तार विभाग के विभिन्न सर्किलों में हिन्दी में कितने तार आये तथा कितने तार भेजे गये; और

(ख) चालू वर्ष में डाक तथा तार विभाग के विभिन्न सर्किलों में हिन्दी के कितने तार आये और कितने तार भेजे गये ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री जगन्नाथ राव): (क) और (ख). 1964-65 तथा 1965-66 के दौरान देवनागरी लिपि में बुक किये गए तारों के संबंध में एक विवरण-पत्र लोक-सभा पटल पर रखा जाता है [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या LT—7401/66], जिसमें कि डाक-तार सर्कलों के अनुसार अलग अलग आंकडे दिये गए हैं। 1966-67 के दौरान देवनागरी लिपि में बुक किये गए तारों की संख्या केवल 31 मार्च, 1967 के बाद ही उपलब्ध हो सकेगी।

डाक व तार कर्मचारियों के लिए हिन्दी कक्षाएं

2227. **श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :** **क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) देश में राज्यवार, डाक व तार विभाग के कितने प्रवर्तन कर्मचारियों ने अब तक हिन्दी नहीं सीखी है ;

(ख) क्या उन्हें हिन्दी कक्षाओं में भेजने के संबंध में एक योजना बनाई गई है; और

(ग) उन कर्मचारियों को हिन्दी सिखाने के लिये क्या योजना बनाई गई है जिन्हें हिन्दी कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए समय नहीं दिया जा सकता ?

संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) :

(क)	आन्ध्र	7728	दिल्ली	1248
	आसाम	2220	गुजरात	4028
	बिहार	360	केरल	3497